फैकल्टी ऑफ नर्सिंग ऐंड पैरामेडिकल साइंसेज ने मनाया फ्रेशर्स पार्टी

आज दिनांक 30 जुलाई 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंदर संचालित पैरामेडिकल संकाय में चल रही दीक्षारंभ कक्षाओं को आज फ्रेशर्स पार्टी - "आगमन" कर के समाप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत पैरामेडिकल संकाय के प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार श्रीवास्तव द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर तथा गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्य महोदय ने बताया कि आज से विद्यार्थियों के जीवन की नई शुरुवात होने जा रही है। पैरामेडिकल के सभी पाठ्यक्रम रोजगारपरक है अतः इस पाठ्यक्रम के समाप्ति के बाद न सिर्फ अपने देश में बल्कि विदेशो में भी कार्य कर अपनी जीविका सुगमता से चला सकते है। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम सीनियर बैच द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर धनंजय विश्वकर्मा व मिस फ्रेशर पूर्वा श्रीवास्तव को बनाया गया। धन्यवाद ज्ञापन अनूप कुमार मिश्रा द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों (अंकिता, सुप्रिया, आकांक्षा, अभिनव, संजीव, आकाश, संदीप, कुलदीप) समेत द्वितीय वर्ष के छात्रों (आदित्य, आंचल, अदिति, अनुष्का, दिव्यांश, सुंदरी इत्यादि) का भी सहयोग मिला|

@spmobilography

@spmobilography

@spmobilography

@spmobilography

@spmobilography

@spmobilography